पंजाब केसरी 10/12/2025

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में तकनीकी जागरुकता सत्र आयोजित

कार्यक्रम के दौरान छात्रों को जानकारी देते विशेषज्ञ। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 9 दिसम्बर (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में सैमसंग इनोवेशन कैम्पस की ओर से बीसीए व एमसीए के विद्यार्थियों के लिए तकनीकी जागरुकता सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम टी.एस.एस.सी. के तहत फोकल स्किल डिवैल्पमैंट प्रा. लि. एफ.ओ.सी.ए.एल.वाई.टी. के सहयोग से किया गया।

सत्र में छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कोडिंग और प्रोग्रामिंग से जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि ये कोर्स छात्रों को प्रैक्टिकल अनुभव दिलाकर डिजिटल तकनीकों और उद्योग की जरूरतों के अनुरूप तैयार करेंगे।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि ऐसी पहलें अकादमिक शिक्षा और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच की दूरी कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कैम्पस टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान का लक्ष्य छात्रों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण अवसर उपलब्ध कराना है, ताकि उनकी रोजगार क्षमता और तकनीकी दक्षता में वृद्धि हो सके।